DATE :- 01-04-2026
DAINIK BHASKAR, PAGE-2, SURAT

मेट्रो ट्रेन पहले ट्रायल में खरी उतरी; व्हील के साथ प्लेटफॉर्म का अलाइनमेंट सटीक मिला

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो ट्रेन का 29 मार्च को हुए पहले ट्रायल रन की रिपोर्ट आ गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार ट्रेन और व्हील के साथ प्लेटफॉर्म के अलाइनमेंट की माप सटीक पाई गई, जो यात्रियों की सुरक्षित चढ़ने-उतरने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। इसके अलावा ऑटोमैटिक डोर सिस्टम, एक्सीलेरेशन और ब्रेकिंग पावर भी निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए। बता दें कि ड्रीम सिटी से अलथान टेनामेंट के बीच 8.5 किमी एलिवेटेड कॉरिडोर पर हुए पहले 8 घंटे के ट्रायल में तीन कोच की मेट्रो ट्रेन को नियंत्रित गति पर चलाकर विभिन्न तकनीकी पहलुओं का परीक्षण किया गया। ट्रैक पर घुमावदार हिस्सों पर ट्रेन के मूवमेंट औ जर्किंग की स्थिति स्मूथ रही। ट्रायल की रिपोर्ट सीएमआरएस को भेजी जा रही है।